अर्थ प्रकाश 11/7/2026

# एसडी कॉलेज में वन महोत्सव पर 50 पौधे लगाए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण करने की अपील

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में शुक्रवार को वन महोत्सव-2026 के तहत व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में फलदार और छायादार प्रजातियों के करीब 50 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने नींबू, आंवला, कचनार, गुड़हल, बबूल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। यह कार्यक्रम पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के आह्वान पर चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मेगा प्लांटेशन अभियान के तहत आयोजित किया गया।



डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, बेहतर पर्यावरण और सुरक्षित जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधारोपण को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी पौधारोपण अभियान की सफलता पौधों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और जीवित रहने से तय होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। अभियान में कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों, ग्रीन कैंपस कमेटी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और पर्यावरण समिति %हरितिमा% के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और शहर की हरियाली बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

दैनिक जागरण 11/7/26



एसडी कालेज सेक्टर-32 में वन महोत्सव के मौके पर पौधे लगाते हुए टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ के सदस्य ● स्वतः

दैनिक सवेरा 11/7/26

# एसडी कॉलेज में वन महोत्सव पर 50 पौधे लगाए, युवाओं से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील



चंडीगढ़ के एसडी कॉलेज में वन महोत्सव-2026 के अवसर पर छात्र और प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा उत्साहपूर्वक पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेते हुए।

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में शुक्रवार को वन महोत्सव-2026 के तहत व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में फलदार और छायादार प्रजातियों के करीब 50 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, बेहतर पर्यावरण और सुरक्षित जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है।

दिव्य हिमाचल 11/7/2026

# एसडी कालेज में वन महोत्सव पर 50 पौधे रोपे

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – चंडीगढ़**

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज में शुक्रवार को वन महोत्सव-2026 के तहत व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कालेज परिसर में फलदार और छायादार प्रजातियों के करीब 50 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने नींबू, आंवला, कचनार, गुड़हल, बबूल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। डा. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों से पौधारोपण को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अभियान में कालेज के शिक्षकों, कर्मचारियों, ग्रीन कैंपस कमेटी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और पर्यावरण समिति हरितिमा के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और शहर की हरियाली बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



चंडीगढ़। एसडी कालेज में पौधा रोपते शिक्षक

पंजाब केसरी 11/7/26

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील




चंडीगढ़ (आशीष) : सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में वन महोत्सव के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में फलदार और छायादार प्रजातियों के करीब 50 पौधे लगाए गए। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। (परमजीत)